अमर उजाला

Jalaun: नकली माउंटेन ड्यू का बड़ा खेल, 1200 पेटियों से लदा ट्रक सीज, कंपनी अधिकारियों ने की पुष्टि, जांच शुरू

जालौन जिले में कोंच कस्बे के कंजड़ बाबा क्षेत्र में बुधवार को नकली माउंटेन ड्यू की खेप होने के संदेह में 1200 पेटियों से लदा एक ट्रक पकड़ा गया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस और कंपनी अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को कब्जे में ले लिया।

बताया गया कि पेप्सी एजेंसी संचालक की सूचना पर वरुण बेवरेज कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान प्रथम दृष्टया माल फर्जी प्रतीत होने पर कंपनी की ओर से उप जिलाधिकारी हेमंत पटेल को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/kanpur/jalaun-major-racket-involving-counterfeit-mountain-dew-truck-loaded-with-1200-crates-seized-2026-06-24